उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,

लखनऊ – 226010

संख्या-60 /05/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024/02-परीक्षा/2022

लखनऊ : दिनांक : 14 अगस्त, 2024

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन सं०-02-परीक्षा/2022, अनुदेशक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2021)/03 के अंतर्गत निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन अनुदेशक के कुल रिक्त 2406 पदों के सापेक्ष 3318 अभ्यर्थियों का अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु परिणाम आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 27.07.2024 को प्रकाशित किया गया था, जिसमें अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया गया था कि अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह उक्त 3318 अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण दिनांक 21.08.2024 से आयोजित किया जाएगा एवं अर्हता/अभिलेख परीक्षण कार्यक्रम की सूचना यथासमय पृथक से प्रकाशित की जाएगी।

उक्त के क्रम में विज्ञापन सं०-02-परीक्षा/2022, अनुदेशक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2021)/03 के अंतर्गत निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन अनुदेशक के कुल रिक्त 2406 पदों के सापेक्ष 3318 अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ** में निम्नानुसार आयोजित किया जाना निर्धारित है-

क्र.सं.	दिनांक	पाली-1 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) अभ्यर्थियों की संख्या	पाली-2 (अपराह्न 01:30 बजे) अभ्यर्थियों की संख्या	योग
1	21-08-2024	60	60	120
2	22-08-2024	60	60	120
3	23-08-2024	60	60	120
4	24-08-2024	60	60	120
5	27-08-2024	60	60	120
6	28-08-2024	60	60	120
7	29-08-2024	60	60	120
8	30-08-2024	60	60	120
9	31-08-2024	60	60	120
10	02-09-2024	60	60	120
11	03-09-2024	60	60	120
12	04-09-2024	60	60	120
13	05-09-2024	60	60	120
14	06-09-2024	60	60	120
15	07-09-2024	60	60	120
16	09-09-2024	60	60	120
17	10-09-2024	60	60	120
18	11-09-2024	60	60	120
19	12-09-2024	60	60	120
20	13-09-2024	60	60	120

21	17-09-2024	60	60	120
22	18-09-2024	60	60	120
23	19-09-2024	60	60	120
24	20-09-2024	60	60	120
25	21-09-2024	60	60	120
26	23-09-2024	60	60	120
27	24-09-2024	60	60	120
28	25-09-2024	60	18 एवं अनुपस्थित अभ्यर्थी	78
कुल				**3318**

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके Document Verification Letter, वरीयता प्रपत्र व अन्य 04 प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक कर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपने Document Verification Letter, वरीयता प्रपत्र व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अर्हता/ अभिलेख परीक्षण से पूर्व उनके समस्त शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्रों एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों का मूल प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों से मिलान व गहनता से परीक्षण किया जाएगा। अतः अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी विज्ञापित अनिवार्य अर्हता के सापेक्ष समस्त अंकपत्र व प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों एवं उनकी छायाप्रतियों तथा पासपोर्ट साइज के 02 रंगीन फोटोग्राफ के साथ ही डाऊनलोड किये गए Document Verification Letter, वरीयता प्रपत्र व अन्य 04 प्रपत्रों की मुद्रित प्रतियों में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, निर्धारित तिथि व समय पर अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वह अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड इत्यादि) की मूलप्रति एवं उनकी स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति अवश्य लेकर उपस्थित हों।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि किसी उचित कारण से यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अनुपस्थित रहता है तथा इसकी जानकारी लिखित रूप में अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 25.09.2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक आयोग कार्यालय में दी जाती है तो सक्षम स्तर से अनुमति के उपरांत उसे दिनांक 25.09.2024 की द्वितीय पाली (अपराह्न 01.30 बजे) में अर्हत्ता / अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने का अवसर प्रदान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।